प्रकृति में महत्वपूर्ण है जैव विविधता

जबलपुर. उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर (टीएफआरआइ) में अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को देसी व प्रवासी पक्षियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. जी राजेश्वर राव ने कहा कि प्रकृति में जैव विविधता की भूमिका महत्वपूर्ण है। जैव विविधता समृद्धि होने पर ही खाद्य श्रृंखला बनती है। जलवायु परिवर्तन के दौर में अगर काई वनस्पति दुर्लभ हो जाती है तो उस पर आधारित कीटों पर संकट आ जाता है। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सुमित चक्रवर्ती ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बच्चों को पक्षियों के बारे में जानकारी दी।

इसके पहले परिसर स्थित ग्रीन ट्रेल में पक्षियों तथा पेड़ व औषधीय पौधों की विविधता के लिए बच्चों को भ्रमण कराया। वैज्ञानिकों ने बच्चों के सवालों को जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। इस मौके पर जैव विविधता पर स्लोगन लेखन, चित्रकारी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे प्रतिभावान बच्चों ने पुरस्कार जीते। इस अवसर पर बच्चों ने भी जैव विविधता के बारे मे परिचर्चा कर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. पीबी मेश्राम व डॉ. अविनाश जैन मौजूद थे।

TFRI celebrates 25th anniv of International Biodiversity Day

Senior officers with children during International Biodiversity Day programme.

■ Staff Reporter

THE 25th anniversary of International Biodiversity Day, proclaimed by United Nations on the theme "Celebrating 25 years of biodiversity" was celebrated at Tropical Forest Research Institute (TFRI).

A series of events was organised to increase understanding and awareness about biodiversity among officers, employees and children of the institute. Various events like walk on 'Green Trail' inside the institute campus, slogan writing, photography, drawing and painting competitions were conducted by Dr Sumit Chakrabarti, Head, Forest Ecology and Climate Change Division, who also gave a detailed presentation on birds of TFRI.

A short film on biodiversity was also filmed to generate enthusiasm among the children. The celebration was successfully concluded with prize distribution by Dr G Rajeshwar Rao, Director TFRI, among the participants.

मनाया अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

जबलपुर| जैव विविधता के प्रति जागरूकता जगाने के लिए उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जैव विविधता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। बच्चों को परिसर स्थित ग्रीन ट्रेल में पक्षियों व वृक्षों की विविधता के बारे में जानकारी दी गइ्र। कार्यक्रम में अधिकारियों, बच्चों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें नारा प्रतियोगिता में मौसमी विश्वास, निहाल काले, आयुष्मान पाठक, निधि मेहता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में डॉ. सुमित चक्रवर्ती, एनोस फ्रांसिस, प्रमोद राजपूत, चित्रकारी प्रतियोगिता में मौसमी विश्वास, अद्वैत सिंह, शाम्भवी मिश्रा, निहाल काले, वैष्णवी मिश्रा, अभिषेक कुशवाहा, नंदिता गौतम विजेता रहीं। संचालन डॉ. सुमित चक्रवर्ती ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. जी राजेश्वर राव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार वितरित किए।पी-5